7. **आवेदन शुल्क की वापसी:** आवेदन शुल्क केवल लिखित परीक्षा में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को निम्नानुसार वापस किया जाएगा:-
Refund of Application Fee: The Application fee will be refunded only to candidates who appear in the written test, as under:-

- उन अभ्यर्थियों (महिला, अ.जा./अ.ज.जा./पी.डब्ल्यू.बी.डी., भूतपूर्व-सैनिक) को, जिन्हें आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है, पूरा शुल्क वापस किया जाएगा।
  Refund in full for candidates who are exempted from payment of Application Fee (women, SC/ST/ PwBD, Ex-Servicemen).

- अन्य सभी अभ्यर्थियों के संदर्भ में आवेदन शुल्क काटने के बाद : ₹400/- (तकनीशियन-बी./ हल्के वाहन चालक-ए / स्टाफ कार चालक-ए / भारी वाहन चालक-ए हेतु) वापस किया जाएगा।
  After deducting the Application Fee in respect of all other candidates: ₹400 (for Technician-B / Light Vehicle Driver-A / Staff Car Driver-A / Heavy Vehicle Driver-A) will be refunded.

- आवेदन शुल्क की वापसी स्वतः मूल भुगतान विधि से की जाएगी। फिर भी, मूल भुगतान विधि में किसी भी विफलता की स्थिति में, अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में दिए गए बैंक खाते में शुल्क की वापसी की जाएगी। इसलिए, प्रोसेसिंग शुल्क के रिफ़ंड की प्राप्ति के लिए अभ्यर्थियों को अपने-अपने बैंक खातों के विवरण सही ढंग से दर्ज करने होंगे। **कृपया ध्यान दें कि यदि कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में उपस्थित नहीं हो पाता है तो शुल्क-वापसी पर विचार नहीं किया जाएगा।**
  By default, refund shall be made to the original payment method only. However, in case of any failure with the original payment method, refund shall be made to the bank account details provided by the candidate in the application. Hence, Candidates shall enter their Bank Account details correctly for receipt of refund of processing fee. **Please note that refund will not be considered if a candidate fails to appear for the Written Test.**

- ऑनलाइन आवेदन में आवेदक द्वारा बैंक विवरण की गलत प्रविष्टि किए जाने के परिणामस्वरूप, आवेदन शुल्क को वापस करने में आनेवाली समस्याओं के लिए **यू.आर.एस.सी / इसरो** जिम्मेदार नहीं होगा।
  URSC / ISRO will not be held responsible for any issues arising in refund of the application fee as a result of incorrect entry of bank details by the applicant in the online application.

- **अ.पि.व. तथा ई.डब्ल्यू.एस. सहित अन्य अभ्यर्थियों द्वारा दो/अनेक आवेदन प्रस्तुत किए जाने की स्थिति में, केवल उस आवेदन पर विचार किया जाएगा, जिसके लिए आवेदन शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि के भीतर 'आवेदन शुल्क' प्राप्त हुआ है।**

  In case of submission of duplicate / multiple applications by other candidates including OBC and EWS, the application against which the 'application fee' has been received within the last date for payment of application fee only will be considered.

8. **चयन प्रक्रिया Selection Process:**

निर्धारित योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है तथा इसके होने पर भी अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के लिए बुलाये जाने हेतु स्वतः हकदार नहीं बन जाता। ऑन-लाइन आवेदनों में अभ्यर्थियों/आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए शैक्षिक प्रदर्शन व अन्य मानदंडों के आधार पर प्रारम्भिक छंटाई होगी एवं चुने हुए अभ्यर्थियों/आवेदकों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। **अधिसूचित रिक्तियों को ध्यान में रखते हुए यूआरएससी / इसरो द्वारा निर्धारित प्रदर्शन/मानदंडों के आधार पर लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों कौशल परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।**
The qualification prescribed is the minimum requirement and possession of the same does not automatically make the candidate eligible to be called for Written test. There will be an initial screening, based on the academic performance and other parameters provided by the candidates / applicants in the on-line applications and only those screened-in candidates will be called for Written Test. **Candidates those who qualify based on the performance / parameters set by URSC / ISRO in the Written Test and taking into consideration of number of Vacancies notified, will have to appear for Skill Test.**

a) तकनीशियन-बी पद हेतु
For the posts of Technician - B

a) परीक्षा का पैटर्न / Pattern of Exam:

वर्ग Category	लिखित परीक्षा Written Test	कौशल परीक्षा Skill Test
तकनीशियन-बी Technician-B	1.5 घंटें में 80 MCQs (+1 & -0.33 अंकन) 80 MCQs in 1.5 hrs (+1 & -0.33 marking)	(अर्हकारी प्रकृति/Qualifying nature): 100 अंकों के लिए आयोजित की जाएगी। To be conducted for 100 marks

ii) उत्तीर्णता मानदंड / Pass Criteria:

वर्ग Category	लिखित परीक्षा Written Test	कौशल परीक्षा Skill Test
अनारक्षित अभ्यर्थी Unreserved Candidates	32/80 अंक marks	50/100 अंक marks
आरक्षित अभ्यर्थी/Reserved Candidates (केवल यदि पद आरक्षित है तो/only if a post is reserved)	24/80 अंक marks	40/100 अंक marks

लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम पाठ्यक्रम पर आधारित है। लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर, उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा के लिए 1:5 के अनुपात में चुना जाएगा, जिसमें कम से कम 10 उम्मीदवार शामिल होंगे।

The syllabus for the written test is curriculum based. Based on the performance in the Written Test, candidates will be shortlisted for Skill Test in 1:5 ratio with a minimum of 10 candidates.

तकनीशियन-बी पदों की भर्ती के संदर्भ में, यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के संबंध में लिखित परीक्षा के अंक तथा अधिसूचित अर्हता (एन.ए.सी./एन.टी.सी./आई.टी.आई.) के शैक्षणिक अंकों में टाई है तो, वैध एन.ए.सी. अंक रखने वाले अभ्यर्थियों को एन ए सी अंक न रखने वाले अभ्यर्थियों की तुलना में वरीयता दी जाएगी।
In respect of recruitment to the posts of **Technician-B**, if there is a tie in Written Test scores and academic scores of notified qualifications (NAC/NTC/ITI) in respect of two or more candidates, candidates possessing valid NAC score will have preference over other candidates who do not possess NAC score.

b) <u>भारी वाहन चालक-ए / हल्के वाहन चालक-ए/ स्टाफ कार ड्राइवर- ए पदों के लिए</u>
<u>For the posts of Heavy Vehicle Driver-A / Light Vehicle Driver-A/Staff Car Driver-A</u>

भारी वाहन चालक-ए / हल्के वाहन चालक-ए / स्टाफ कार ड्राइवर- ए पद हेतु लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम निम्नवत है:
The Syllabus for Written Test for Heavy Vehicle Driver- A post and Light Vehicle Driver -A /Staff Car Driver- A post is:

I. **भाग ए (50 प्रश्न)** - समय-समय पर यथासंशोधित, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 पर आधारित पर प्रश्न
Part 'A' (50 questions) - Questions based on Motor Vehicles Act, 1988 as amended from time to time

i. समय-समय पर यथासंशोधित मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराएँ
Various Sections of the Motor Vehicles Act, 1988 as amended from time to time

ii. मोटर वाहनों के चालकों की लाइसेंसिंग
Licensing of Drivers of Motor Vehicles

iii. मोटर वाहनों का पंजीकरण
Registration of Motor Vehicles

iv. परिवहन वाहनों का नियंत्रण
Control of Transport Vehicles

v. ट्रैफिक का नियंत्रण
Control of Traffic

vi. मोटर वाहनों की बीमा
Insurance of Motor Vehicles

vii. अपराध, दंड एवं प्रक्रिया
Offence, Penalties and Procedure

viii. अनिवार्य संकेत
Mandatory Signs

ix. दुर्घटना दावे
Accident Claims

x. दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
Accident Claims Tribunals

II. **भाग बी (15 प्रश्न) -** 8वीं कक्षा स्तर की प्रारंभिक अंग्रेजी
Part 'B' (15 questions) - Elementary English of 8th Standard Level

i. पर्यायवाची, विपरीतार्थ शब्द
Synonyms, Antonyms

ii. सही क्रिया का प्रयोग
Use of Correct Verbs

iii. वाक्यों में रिक्त स्थानों को भरने के लिए सही शब्दों तथा वाक्यांशों का चयन करना
Choosing appropriate given words and phrases to fill-in the blanks in sentences

III. **भाग सी (15 प्रश्न)** – 10वीं कक्षा स्तर का प्रारंभिक अंकगणित
Part 'C' (15 questions) - Elementary Arithmetic of 10th Standard Level

i. जोड़, घटाव, गुणा, भाग
Addition, Subtraction, Multiplication, Division

ii. प्रतिशत, अनुपात, औसत
Percentage, Ratio, Average

IV. **भाग-डी (20 प्रश्न)** - सामान्य ज्ञान
Part 'D' (20 questions) - General Knowledge

i. सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाक्रम
General Knowledge, Current Affairs

ii. जानी-मानी हस्तियाँ
Who is Who

iii. भारत के राज्य एवं उनकी राजधानियाँ
States and Capitals in India

iv. भारत का भूगोल
Geography of India

2. लिखित परीक्षा में, जैसा कि ऊपर वर्णित है, 100 बहु विकल्पीय प्रश्न होगें तथा 120 मिनटों (2 घंटे) की समयावधि होगी।
The Written Test will comprise of 100 Multiple Choice Questions as described above with a duration of 120 minutes (2hours).

3. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक चौथाई ऋणात्मक अंकन लागू होगा जैसे कि प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दिया जाएगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटा जाएगा।
One fourth negative marking will apply for each wrong answer, i.e.; 1 mark will be awarded for each correct answer and 0.25 marks will be deducted for each wrong answer.

4. आवेदकों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए भाग ए में 50% अंक तथा भाग बी, सी, एवं डी, में संयुक्त रूप से 50% अंक प्राप्त करने होंगे।
Applicants have to secure 50% marks in Part 'A' and 50% marks in Part 'B', 'C' and 'D' combined for passing the Written Test.

5. जहाँ कहीं पद संबंधित श्रेणी के लिए आरक्षित है, वहाँ आरक्षित श्रेणियों के आवेदकों के लिए उत्तीर्ण अंकों में 25% की छूट दी जाएगी।
Passing marks will be relaxed by 25% for applicants belonging to reserved categories, wherever a post is reserved for the respective category.

6. लिखित परीक्षा के सभी चार भागों में कुल प्राप्तांक को कौशल परीक्षा हेतु चयन करने के लिए गिना जाएगा।
Total marks obtained in all four parts of the Written Test will be reckoned for shortlisting for Skill Test.

लिखित परीक्षा के अंकों में बराबरी की स्थिति में, अधिसूचित अर्हता(ओं) के शैक्षणिक अंक टाई ब्रेकर होंगे।
In case of a tie in Written Test scores, the academic scores of the notified qualification(s) shall be the tie breaker.

कौशल परीक्षा, पूरी तरह से अर्हकारी प्रकृति की होगी। कौशल परीक्षा 100 अंकों के लिए आयोजित की जाएगी; जिनमें से आवेदकों को उत्तीर्ण होने के लिए 60 अंक प्राप्त करने होंगे।
The Skill Test will be purely of qualifying nature. The Skill Test will be conducted for 100 marks out of which the applicants have to secure 60 marks for qualifying.

कौशल परीक्षा में किसी भी श्रेणी के आवेदकों के लिए अंकों में छूट लागू नहीं होगी।
No relaxation of marks is applicable in the Skill Test for any category of applicants.

लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होनेवाले आवेदकों का कौशल परीक्षा के लिए चयन 1:10 अनुपात में किया जाएगा।
The applicants who had qualified in the Written Test will be shortlisted for the Skill Test in 1:10 ratio.

<u>नोट/Note:</u> यू.आर.एस.सी. / इसरो लिखित परीक्षा ऑनलाइन/ऑफलाइन आयोजित करने का अधिकार रखता है। लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा, बेंगलूरु अथवा पूरे भारत के विभिन्न नगरों में आयोजित की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों के लिए कौशल परीक्षा का आयोजन केवल बेंगलूरु में ही किया जाएगा।
<u>Note:</u> URSC / ISRO reserves the right to conduct the written test online / offline. The Written Test / Computer Based Test will be conducted in Bengaluru or different cities across India. Skill Test will be conducted for the screened-in / shortlisted candidates in Bengaluru only.

<u>9. सामान्य शर्तें General Conditions:</u>

1. केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा । भौतिक आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा । आवेदकों के साथ आगे के सभी सम्प्रेषण केवल ई-मेल/इसरो वेबसाइट के माध्यम से किए जाएँगे । अतः आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने-अपने ई-मेल नियमित रूप से देखते रहें और समय-समय पर इसरो वेबसाइट देखते रहें। तकनीकी या किन्हीं अन्य कारणों से ई-मेल अथवा कोई अन्य सूचना अभ्यर्थी को प्राप्त न होने के लिए इसरो/यूआरएससी उत्तरदायी नहीं होगा।
Applications made through on-line will only be entertained. Physical applications will not be entertained. All further communications will be made to the applicants through e-mail / ISRO website only. Therefore, the applicants are advised to check their e-mail regularly and visit the ISRO website from time to time. ISRO/URSC will not be responsible for non-receipt of intimation regarding e-mail or / any communication due to technical or whatsoever reasons to the candidates.

2. पद अस्थायी हैं, परंतु अनिश्चित समय तक इनके बने रहने की संभावना है।
The posts are temporary, but likely to continue indefinitely.

3. उपरिनिर्दिष्ट रिक्त पद अनंतिम हैं एवं वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर बदल सकते हैं।
The number of vacancies indicated above is provisional and may vary depending on the actual requirements.

4. नियुक्त व्यक्ति आवश्यकतानुसार, भारत में कहीं भी स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केंद्र/यूनिट में तैनात किए जा सकते हैं। इसरो के केन्द्रों/यूनिटों के विवरण हेतु, कृपया <u>www.isro.gov.in</u> देखें।
The appointees are liable to be posted in any of the Centre / Units of the Indian Space Research Organization / Department of Space situated anywhere in India, as and when required. For details of ISRO Centre / Units, please visit **www.isro.gov.in**

5. नियुक्त व्यक्तियों को चौबीस घंटों की पालियों में काम करना होगा।
<u>The appointees are liable to work in round the clock shifts.</u>